प्रैस विज्ञप्ति

हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के आज प्रथम चरण के चुनाव जिला चम्बा के विकास खण्ड भरमौर और पांगी तथा जिला लाहौल स्पिति के विकास खण्ड काजा में सम्पन हुए । काजा में लगभग 73.17 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें सवसे अधिक मतदान ग्राम पंचायत सगनम में 83.79 प्रतिशत तथा न्यूनतम काज में 67.04 प्रतिशत रहा । यहाँ पर 77.02 प्रतिशत महिला व 68.93 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया ।

जिला चम्बा के विकास खण्ड भरमौर में 75.85 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें से ग्राम पंचायत हडसर में अधिकतम 85.69 प्रतिशत तथा न्यूनतम ग्राम पंचायत बजोल में 56.77 प्रतिशत रहा । इसी प्रकार विकास खण्ड पांगी में मतदान का प्रतिशत 56.76 प्रतिशत रहा। जिसमें से अधिकतम ग्राम पंचायत करयास में 66.09 प्रतिशत तथा ग्राम पंचायत मिन्दल में 39.07 प्रतिशत रहा ।

विकास खण्ड भरमौर व काजा के प्रधान, उप–प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्यों के परिणाम देर रात तक प्राप्त होने की सम्भावना है । जबकि पंचायत समिति सदस्यों के मतपत्रों की गणना 28 नवम्बर 2015 को विकास खण्ड मुख्यालय में होगी । जिला परिषद से सम्बन्धित मत पत्रों की गणना प्रदेश में निकट भविष्य में होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन के साथ की जायेगी । तब तक यह मत पेटियाँ सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम में रखी जाएंगी ।

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री टी0जी0 नेगी ने तीनों विकास खण्डों की के मतदाताओं का मतदान प्रकिया में बढ़–चढ़ कर भाग लेने के लिए जनता का धन्यवाद व्यक्त किया व निर्वाचन हेतू नियुक्त समस्त आब्जर्बर, अधिकारियों/कर्मचारियों व सुरक्षा बलों का सुचारू एवं शान्तिप्रिय रूप से मतदान सम्पन कराने के लिए अभार ब्यक्त किया ।

डा0 अश्वनी कुमार शर्मा
सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग
हि0प्र0,शिमला–2